# वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा

क्यूएचडी

बी.ए.प्रथम वर्ष परीक्षा,

सामान्य हिंदी

**अवधि 3 घंटे** **अधिकतम अंक 70**

निर्देश : प्रश्न पत्र खण्ड अ, ब और स में विभाजित है। खण्ड 'अ' अतिलघूतरात्मक है, खण्ड 'ब' लघूतरात्मक एवं खण्ड 'स' में निबंधात्मक प्रश्न सम्मिलित हैं।

प्रश्न बैंक

## खंड अ (अतिलघूतरात्मक)

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । अधिकतम शब्द सीमा 30 शब्द है ।**

1 कबीर की भक्ति पर किस का प्रभाव दृष्टिगत होता है ?
2 बीजक में किसका समावेश है ?
3 कबीर के यहाँ 'उनमनी'से क्या अभिप्राय है ?
4 तुलसीदास की किस कृति को 'कवित-रामायण'भी कहा जाता है ?
5 मीराँ की किंही दो रचनाओं के नाम लिखिए ?
6 मीराँ की भक्ति किस भाव की है ?
7 'सुँघनी साहू' नाम से कौन-सा छायावादी साहित्यकार विख्यात था ?
8 जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित दो उपन्यासों के नाम लिखिए ?
9 जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित दो नाटकों के नाम लिखिए ?
10 तारा प्रकाश जोशी रचित गीतों की कोई दो विशेषताएँ लिखिए ?
11 जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित किंही दो कहानी संग्रहों के नाम लिखिए ?
12 'चंपा' और बुद्धगुप्त जयशंकर प्रसाद की किस कहानी के प्रमुख पात्र है ?
13 अध्यापक पूर्णसिंह किस काल के निबंधकार है ?
14 अध्यापक पूर्णसिंह द्वारा रचित दो निबंधो के नाम लिखिए ?
15 'सच्ची वीरता' निबंध में सच्चे वीर पुरुष के कौन-कौन से लक्षण बताएं है ?
16 'सच्ची वीरता' निबंध में वीरता के कौन-कौन से प्रकार बताएं गए हैं ?
17 आत्मकथा से क्या अभिप्राय है ?
18 जीवनी से क्या अभिप्राय है ?
19 संस्मरण का अर्थ लिखिए ?
20 महादेवी वर्मा द्वारा रचित किंही दो काव्य संग्रहों के नाम लिखिए ?
21 महादेवी वर्मा द्वारा रचित किंही दो संस्मरणों के नाम लिखिए ?

22 'गिरा' के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए ?

23 कबीर की भाषा कौन-सी है ?

24 'खेती न किसान को, भिखारी को न भीख, बलि ।' पंक्ति के रचनाकार कौन है ?

25 रामचरितमानस किस भाषा में रचित है ?

26 महादेवी वर्मा रचित 'सुभद्रा' संस्मरण किसके जीवन पर आधारित है ?

27 हिंदी का विकास किस अपभ्रंश से हुआ है ?

28 "परमाल रासो" के रचयिता कौन है ?

29 "फोर्ट विलियम कॉलेज" की स्थापना क्यों की गयी थी ?

30 "सुखसागर" ग्रन्थ की रचना किसने की ?

31 हिंदी के प्रथम समाचार पत्र उदंत मार्तंड के संपादक कौन थे ?

32 "सरस्वती" पत्रिका के संपादन का दायित्व पंडित महावीर प्रसाद द्विववेदी ने कब संभाला ?

33 खड़ी बोली हिंदी के प्रथम महाकाव्य का नाम लिखिए ?

34 छायावादी कविता के चार स्तम्भ कौन कहलाते हैं ?

35 निम्न शब्दों के तत्सम शब्द बताइए-
(I) आम (II) चाँद

36 देशज शब्द किसे कहते है ?

37 हिंदी भाषा में सामान्यतया उपयोग किये जाने वाले दो अरबी और दो अंग्रेजी शब्द लिखिए

38 हिंदी अनुवाद कीजिए- (I) Minority (II)Tribe

39 देवनागरी लिपि का विकास किस लिपि से हुआ है ?

40 ब्राम्ही लिपि-संविधान में राजभाषा सम्बन्धी प्रावधान किस अनुच्छेद में है ?

41 हिंदी को राजभाषा के रूप में मान्यता कब प्रदान की गई ?

42 वर्तमान भूमंडलीकरण के दौर में हिंदी भाषा का उपयोग किन-किन क्षेत्रों में किया जा रहा हैं ?

43 मुहावरा और लोकोक्ति में क्या अंतर है ?

44 मुहावरों के अर्थ लिखिए (I) सिर पीटना, (II) मुँह की खाना

45 विलोम शब्द लिखिए- (I) अथ (II) कृतज्ञ

46 निम्न शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए- (I) (सिंह) (II) इंद्र

47 अनेकार्थक शब्द लिखिए (I) अज (II) अंक

48 युग्म शब्द लिखिए (I) अनल-अनिल (II) कुल-कूल

49 इल प्रत्यय के योग से बने कोई दो शब्द लिखिए

50 'निबंध' से क्या अभिप्राय है?

51 वाक्यांश सूचक शब्द बताइए- (I) युद्ध के लिए इच्छुक (II) वह अग्नि जो जंगल में लग जाती है

52 'परा' उपसर्ग से बने दो शब्द लिखिए ?

53 उपसर्ग और प्रत्यय में क्या अंतर है ?

54 निम्न शब्दों को शुद्ध कीजिए- (I) कवयत्री (II) युधिष्ठर

55 वाक्य को शुद्ध कीजिए "कोहनूर एक अमूल्य हीरा है ।"

56 वाक्य को शुद्ध रूप में लिखिए- यहाँ शुद्ध गाय का दूध मिलता है

57 संक्षेपण के कोई दो गुण लिखिए ?

58 पल्लवन किस का विपरीत होता है ?

59 पत्रों के प्रकार लिखिए

60 कामायनी के रचनाकार कौन है ?

## खंड ब (लघूत्तरात्मक प्रश्न)

**निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 150-200 शब्दों में लिखिए ।**

1 खड़ी बोली हिंदी के विकास में फोर्ट विलियम कॉलेज के योगदान स्पष्ट कीजिए ।

2 हिंदी भाषा के परिष्कार में महावीर प्रसाद द्विवेदी की भूमिका बताइए ।

3 तत्सम और तद्भव शब्दों का उदाहरण सहित अंतर बताइए ।

4 लिपि के स्वरुप और विकास पर टिप्पणी लिखिए ।

5 देवनागरी लिपि की विशेषताएँ लिखिए ।

6 मानकीकरण से क्या अभिप्राय है? स्पष्ट कीजिए ।

7 भूमंडलीकरण के दौर में हिंदी भाषा की नई चुनौतियों की विवेचना कीजिए ।

8 भक्तिकाल की राम भक्ति शाखा में तुलसी दास का क्या महत्त्व है ।

9 वर्तमान दौर में व्यवसाय और मीडिया के क्षेत्र में हिंदी की भूमिका बतलाइए ।

10 वर्तमान समय में विज्ञापनों के क्षेत्र में हिंदी की क्या भूमिका है? स्पष्ट कीजिए ।

11 विज्ञान के क्षेत्र में हिंदी के महत्व की विवेचना कीजिए ।

12 सूचना प्रौद्योगिकी के इस युग में पत्र लेखन के महत्व को स्पष्ट कीजिए ।

13 निबंध का अर्थ और परिभाषा बताते हुए निबंध की भाषा शैली पर प्रकाश डालिए ।

14 निबंध के प्रकारों की विवेचना कीजिए ।

15 हिंदी भाषा के आदिकाल पर टिप्पणी लिखिए ।

16 19 वीं शती से पूर्व खड़ी बोली हिंदी की विकास यात्रा पर प्रकाश डालिए ।

17 हिंदी गद्य के विकास में भारतेंदु युग का योगदान स्पष्ट कीजिए ।

18 हिंदी के विकास में भक्ति आन्दोलन की भूमिका का विवेचन कीजिए ।

19 हिंदी भाषा में विदेशी भाषाओँ की स्थिति पर एक लेख लिखिए ।

20 अनुकरणात्मक और संकर शब्दों को स्पष्ट कीजिए ।

21 देवनागरी लिपि के दोष और त्रुटियों की विवेचना कीजिए ।

22 भाषा में शब्दों के महत्व पर टिपण्णी लिखिए ।

23 राजभाषा के रूप में हिंदी का स्वरुप स्पष्ट कीजिए ।

24 संविधान के राजभाषा सम्बन्धी प्रावधानों की विवेचना कीजिए ।

25 राजभाषा सम्बन्धी समितियों पर प्रकाश डालिए ।

26 फिल्मों में हिंदी भाषा के प्रयोग पर एक टिपण्णी लिखिए ।

27 विदेशों में हिंदी भाषा के प्रयोग पर टिपण्णी लिखिए ।

28 विश्व हिंदी सम्मलेन की संक्षिप्त रूपरेखा बताइए ।

29 संचार माध्यमों में हिन्दी भाषा के महत्त्व पर प्रकाश डालिए ।

30 सप्रसंग व्याख्या कीजिए

दुलहनी गावहु मंगलाचार ।
हम घरि आये राजा राम भरतार ।
तन रत करि मैं मन रति करि, पञ्च तत्व बराती ।
रामदेव मोरे पाहुने आये,मैं जोबन मदमाती ।
सरीर सरोवर बेदी करिहूँ ब्रह्मवेद उचार ।
रामदेव संगि भांवरि लैहूँ, धनि-धनि भाग हमार ।
सुर तैंतीस कौतिग आये,मुनिवर सहस अठयासी ।
कहै कबीर हम ब्याही चलै हैं, पुरिष एक अविनासी ॥

31 कबीर की भक्ति भावना को स्पष्ट कीजिए ।

32 कबीर के दार्शनिक विचारों पर प्रकाश डालिए ।

33 “तुलसी के काव्य में समन्वय की विराट चेष्टा है ।” स्पष्ट कीजिए

34 तुलसीदास के काव्य की भाषा पर प्रकाश डालिए ।

34 ‘सगुनहि अगुनहि नहि कछु भेदा ।’ इस पंक्ति के आधार पर तुलसीदास की भक्ति भावना को स्पष्ट कीजिए ?

35 सप्रसंग व्याख्या कीजिए

भज चरण मन -कँवल अविनासी ।
जेताई दीसे धरणी गगन बिच, तेताई सब उठजासी ।
इस देही का गरव न करणा, माटी में मिल जासी ।
यो संसार चहार की बाजी, साँझ पड्या उड़ जासी ।
कहा भयो है भगवा पहरयां, घर ताज भवे संयासी ।
जोगी होई जुगति नहिं जाणी, उलटि जनम फिर आसी ।
अरज करूँ अबला कर जोरे,स्याम तुम्हारी दासी ।
मीराँ के प्रभु गिरधर नागर, काटो जम की फांसी ॥

36 “मीरां के प्रेम का क्रमशः भक्ति के रूप में रूपांतरण हुआ है ।” इस कथन के आधार पर मीराँ के प्रेम और भक्ति को समझाइए ।

37 मीराँ की अभिव्यंजना शैली को स्पष्ट कीजिए ।

38 जयशंकर प्रसाद के कृतित्व पर प्रकाश डालिए ।

39 जयशंकर प्रसाद रचनाओं में अभिव्यक्त राष्ट्रीयता पर प्रकाश डालिए ।

40 सप्रसंग व्याख्या कीजिए

अरुण यह मधुमय देश हमारा ।
जहाँ पहुँच अनजान क्षितिज को मिलता एक सहारा
सरस तामरस गर्भ विभा पर नाच रही तरु शिखा मनोहर
छिटका जीवन हरियाली पर मंगल कुंकुम सारा ॥

41 प्रसाद कल्पना और सौंदर्य लोक का कवि है स्पष्ट कीजिए ।

42 प्रसाद की रचनाओं के संरचना शिल्प को स्पष्ट कीजिए ?

43 तारा प्रकाश जोशी राजस्थान के सफल गीतकार हैं । उनके गीतों की प्रमुख विशेषताओं को उद्घाटित कीजिए ।

44 तारा प्रकाश जोशी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए ।

45 सप्रसंग व्याख्या कीजिए

मेरा वेतन ऐसे रानी
जैसे गरम तवे पर पानी
ये अभाव के दिन लावे से
घुटते तेरे मेरे मन में
अग्नि गीत बनकर फूटेंगे
गांवों शहरों में जन-जन में

46 तारा प्रकाश जोशी द्वारा रचित गीत 'आ रे आ बादल' का भावार्थ स्पष्ट कीजिए

47 तारा प्रकाश जोशी द्वारा रचित गीत 'मेरा वेतन' का भावार्थ स्पष्ट कीजिए ।

48 'प्रसाद की कहानियों में प्रेम पर कर्तव्य की विजय दिखलाई देती है ।' 'आकशदीप' कहानी के आधर पर इस कथन को स्पष्ट कीजिए ।

49 'आकाशदीप' कहानी के आधार पर 'चंपा' का चरित्र चित्रण कीजिए ।

50 'सच्ची वीरता' निबंध के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए ।

51 सरदार पूर्ण सिंह की निबंध कला की विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए ।

52 'सच्ची वीरता' निबंध में वीरों के कितने भेद बताएं हैं । प्रत्येक का वर्णन कीजिए ।

53 वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय में लिपिक के पद हेतु कुलसचिव को एक आवेदन पत्र लिखिए

54 आत्मकथा और जीवनी में व्याप्त अंतर को स्पष्ट कीजिए ।

55 महात्मा गांधी की आत्मकथा के आधार पर उनका चरित्र विश्लेषण कीजिए ।

56 महादेवी वर्मा की संस्मरण शैली को स्पष्ट कीजिए ।

57 कार्यालय ज्ञापन को स्पष्ट कीजिए ।

58 अधिसूचना को स्पष्ट कीजिए ।

59 कार्यालय आदेश को स्पष्ट कीजिए ।

60 अर्ध सरकारी पत्र को परिभाषित कीजिए ।

**खंड स (निबंधात्मक)**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 400-500 शब्दों में लिखिए ।**

1 'कबीर ने घने अन्धकार में डूबे भारतीय समाज को दिव्य ज्ञान के प्रकाश से आलोकित किया ।' इस कथन को कबीर की रचनाओं के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

2 ‘कबीर समाज सुधारक पहले है कवि बाद में ।’ इस कथन को स्पष्ट कीजिए ।

3 ‘संतो भाई आई ज्ञान की आंधी रे ।’ पद के आधार पर कबीर की प्रतीक योजना को स्पष्ट कीजिए ।

4 कबीर के राम और तुलसी के राम में क्या अंतर है । स्पष्ट कीजिए ।

5 ‘तुलसी ने कवित्व,धर्म और भक्ति की त्रिपथगा का निर्माण किया ।’ स्पष्ट कीजिए

6 ‘मीराँ का वियोग अनुभूत वियोग है ।’ इस कथन को उनके व्यक्तित्व और कृतित्व के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

7 ‘जयशंकर प्रसाद छायावाद के प्रमुख आधार स्तम्भ हैं ।’ इस कथन को उनके कृतित्व के आधार पर स्पष्ट कीजिए

8 प्रसाद रचित ‘आकाशदीप’ कहानी की तात्विक विवेचना कीजिए ।

9 जयशंकर प्रसाद के काव्य के आधार पर छायावाद की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।

10 तारा प्रकाश जोशी के गीतों के संरचना शिल्प को स्पष्ट कीजिए ।

11 तारा प्रकाश जोशी के गीतों के भाव पक्ष को स्पष्ट कीजिए ।

12 ‘आकाशदीप’ कहानी के उद्‌देश्य को स्पष्ट कीजिए

13 निबंध को परिभाषित करते हुए उसके स्वरुप पर प्रकाश डालिए ।

14 ‘निबंध की भाषा सरल और स्पष्ट होनी चाहिए ।’ इस कथन को स्पष्ट कीजिए

15 ‘कबीर वाणी के डिक्टेटर थे ।’ इस कथन के आधार पर कबीर की भाषा शैली को स्पष्ट कीजिए ।

16 रहस्यवाद को परिभाषित करते हुए कबीर के रहस्यवाद को स्पष्ट कीजिए ।

17 सुभद्रा संस्मरण के आधार पर सुभद्राकुमारी का चरित्र विश्लेषण कीजिए ।

18 हिंदी भाषा के उदभव को समझाते हुए उसके क्रमिक विकास पर प्रकाश डालिए ।

19 लिपि को परिभाषित करते हुए देवनागरी लिपि के गुण और दोषों को स्पष्ट कीजिए ।

20 पत्र लेखन की महता को बताते हुए पत्रों के प्रकारों पर प्रकाश डालिए साथ ही एक आदर्शपत्र के गुण भी बताएं ।

21 किसी एक विषय पर सारगर्भित लेख लिखिए

विज्ञापनों में हिंदी के बढ़ता प्रभाव, हिंदी का वैश्विक परिदृश्य, आतंकवाद के प्रतिरोध में साहित्य की भूमिका साहित्य और समाज, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, राष्ट्रभाषा और महात्मा गांधी ।

22 हिंदी भाषा के आदिकालीन साहित्य की विशेषताओं को अभिव्यक्त कीजिए ।

23 खड़ी बोली हिंदी की विकास यात्रा को स्पष्ट कीजिए ।

24 हिंदी भाषा के विकास में पत्र-पत्रिकाओं का भी विशिष्ट योगदान रहा है । स्पष्ट कीजिए ।

## उत्तर कुंजी भाग (अ)

1 रामानंद के भक्तिवाद, इस्लाम के एकेश्वरवाद, नाथ पंथ के हठयोग और सूफियों की प्रेमनिष्ठा का ।

2 रमैनी,साखी और शब्द का समावेश है ।

3 परमात्मा की ओर उन्मुख मन ।

4 कवितावली ।

5 गीत-गोविन्द का टीका, नरसी जी रो मायरो, राग गोविन्द,राग सोरठ के पद में से को

6 माधुर्य भाव

7 जयशंकर प्रसाद

8 कंकाल.तितली,इरावती

9 चंद्रगुप्त,स्कंदगुप्त,अजातशत्रु,सज्जन,कल्याणी,राज्यश्री,कामना,एकघूँट,

10 भावाकुलता,संगीतात्मकता, संक्षिप्तता, वैयक्तिकता

11 छाया,प्रतिध्वनि,आकाशदीप,आंधी,इंद्रजाल

12 आकाशदीप

13 द्विवेदी काल के

14 सच्ची वीरता, मजदूरी और प्रेम, आचरण की सभ्यता

15 धीर,गंभीर, आजाद,गंभीर,शांत

16 युद्धवीर,दानवीर,दयावीर,कर्मवीर

17 अपने चरित्र का अपने ही द्वारा लेखन

18 किसी अन्य व्यक्ति के चरित्र का दूसरे द्वारा लेखन

19 स्मृति के आधार पर किसी व्यक्ति या विषय के संबंध में लेखन

20 नीहार,रश्मि,नीरजा,सांध्यगीत, दीपशिखा

21 अतीत के चलचित्र, स्मृति की रेखाएं,पथ के साथी

22 जीभ,जिव्हा,रसना

23 सधुक्कड़ी जिसमें राजस्थानी,गुजराती,ब्रज,अवधी,भोजपुरी के शब्दों का बाहुल्य है जिसके कारण खिचड़ी भाषा भी कहते हैं ।

24 तुलसीदास

25 अवधी भाषा में

26 सुभद्राकुमारी चौहान के जीवन पर

27 शौरसेनी

28 जगनिक

29 अंग्रेजी अधिकारियों को हिंदी भाषा सिखाने के लिए

30 मुंशी सदासुख लाल

31 पंडित युगल किशोर शुक्ल

32 1903

33 प्रियप्रवास

34 जयशंकर प्रसाद, सुमित्रानंदन पन्त, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, महादेवी वर्मा

35 आम्र,चंद्र

36 वे शब्द जो न तो विदेशी हैं न तत्सम या तद्भव हैं,देशज कहलाते हैं

37 कोई भी दो

38 अल्पसंख्यक वर्ग, जनजाति

39 ब्राह्मी

40 अनु.343 - 350 तक

41 14 सितम्बर, 1949 को

42 मीडिया, रेडियो, बैंक कम्प्यूटर, विज्ञापन

43 परिभाषा अपेक्षित

44 पछताना, हार मानना

45 इति, कृतघ्न

46 (I) केसरी,हरी,केहरी,मृगेंद्र,मृगपति, (II) देवराज,मधवा,सुरपति,वासव

47 (I) बकरा,ब्रह्मा,दशरथ के पिता,शिव (II) गोद, चिह्न,गिनती,नाटक का अध्याय

48 (I) अनल= आग, अनिल = वायु (II) कुल=वंश,योग, कूल= किनारा

49 धूमिल,जटिल,फेनिल,पंकिल

50 निबंध की कोई भी परिभाषा अपेक्षित है

51 युयुत्सु, दावानल

52 पराकाष्ठा,पराभाव, पराभव, पराजय,पराक्रम,परामर्श

53 परिभाषा अपेक्षित

54 (I) कवियत्री, (II) युधिष्ठिर

55 कोहनूर एक बहुमूल्य हीरा है ।

56 यहाँ गाय का शुद्ध दूध मिलता है

57 संक्षिप्त,सारगर्भित,स्पष्ट,सूत्रबद्ध

58 संक्षेपण का

59 चार प्रकार, व्यक्तिगत पत्र,सामाजिक पत्र,व्यावसायिक पत्र, सरकारी पत्र

60 जयशंकर प्रसाद